एक नजर में

चिचोली में जिला स्तरीय रोजगार मेला आज

बैतूल। जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बैतूल के संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम के तहत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला 12 सितम्बर को प्रातः 11 से 4 बजे तक शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था चिचोली के समीप नगरपालिका ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा।

मेंटेनेंस के कारण बंद रहेगी बिजली, शेड्यूल जारी

बैतूल। बिजली कंपनी द्वारा 12 सितंबर से 19 सितंबर की अवधि में 11 केव्ही लाइन गंज, खंजनपुर, कोसमी औद्योगिक, कालापाठा, ग्रीन सिटी, रामनगर तथा सोना घाटी फीडर का अलग-अलग तिथियों में मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इस दौरान संबंधित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति निर्धारित समय तक बाधित रहेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 सितंबर को 11 केव्ही गंज फीडर के मेंटेनेंस कार्य के चलते प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक आबकारी, सिंधी कॉलोनी, देना बैंक, लोहिया वार्ड, तेल टंकी, लक्की सेंटर, कांति शिवा टॉकीज, सेंट्रल बैंक, एसबीआई बैंक, मैकेनिक चौक, अग्रवाल पेट्रोल पंप, बीजेपी कार्यालय, डॉ. मुले, गुरुद्वारा रोड, हाथी नाला, डॉक्टर लश्करे, बीएसएनएल ऑफिस, पुलिस क्वार्टर, हाउसिंग बोर्ड, गंज महाराष्ट्र बैंक आदि क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। वहीं 13 सितंबर को 11 केव्ही खंजनपुर फीडर में प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक खंजनपुर, अर्जुन नगर, टेलीफोन कॉलोनी, विकास नगर, कालापाठा, दुर्गा वार्ड, कत्तलढाना, सुयोग कॉलोनी, सरस्वती स्कूल, डिपो रोड आदि क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। 14 सितंबर को 11 केव्ही कोसमी औद्योगिक फीडर के मेंटेनेंस के चलते प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक गर्ल्स आईटीआई, ज्योति टायर, लक्ष्मी इंजीनियरिंग, खंडेलवाल दवा फैक्ट्री, वासु प्लास्टिक, अरिहंत दाल मिल, रघुवंशी पाइप फैक्ट्री, ताप्ती एक्का, राजा कुलिंग, शिवा पाइप, श्रीजी इंडस्ट्रीज, रामदेव शुगर मिल, प्रकाश ग्रेनाइज, नानक फ्लाई, कबेलू फैक्ट्री एवं समस्त कोसमी औद्योगिक क्षेत्र एवं पंप क्षेत्र, कोसमी, सोनाघाटी बजरंग मंदिर, सोनाघाटी कॉलेज क्षेत्र में विद्युत सप्लाई प्रभावित रहेगी। वहीं 15 सितंबर को 11 केव्ही कालापाठा फीडर के मेंटेनेंस कार्य के चलते प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक लोहिया वार्ड, चुन्नी ढाना, राजेंद्र वार्ड, सिविल लाइन, संजय कॉलोनी, मुर्गी चौक, शिवाजी वार्ड, स्वीपर कॉलोनी, जेएच कॉलेज रोड आदि क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। 16 सितंबर को 11 केव्ही ग्रीन सिटी फीडर के मेंटेनेंस के चलते विनोबा नगर, विवेकानंद वार्ड, भगूढाना, खादी उद्योग के पास, ग्रीन सिटी, माचना नगर, हमलापुर चौक, फॉरेस्ट ट्रेनिंग सेंटर, जजेस कॉलोनी, मांझी नगर, तिवारी पेट्रोल पंप के पास के क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। इसी प्रकार 18 सितंबर को 11 केव्ही रामनगर फीडर के मेंटेनेंस के चलते प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक रामनगर, गर्ग कॉलोनी, अचलपुर नाका, पटवारी कॉलोनी, जयप्रकाश वार्ड, खाखरा जामठी क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी तथा 19 सितंबर को 11 केव्ही सोनाघाटी फीडर के मेंटेनेंस के चलते प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक सोनाघाटी, कोसमी फाटक, पॉलिटेक्निक कॉलेज आदि क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल शहर जोन- 1 के प्रबंधक ने बताया कि किन्ही अपरिहार्य कारणों से समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

चोरी करने वाले आरोपी को परतवाड़ा (महाराष्ट्र) से किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

बैतूल, 11 सितंबर. कोतवाली पुलिस ने चोरी करने वाले आरोपी दीपक दांगडे को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जिसके कब्जे से कुल 3,15,000 का मसरूका जब्त किया है।

पुलिस ने दो मामलों का किया खुलासा

कुल 3,15,000 का मसरूका जप्त

पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 8 मई को फरियादी कृष्ण पाठा पिता जगन्नाथ पाठा (40) निवासी ग्राम भड़ूस ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 5 मई को अज्ञात आरोपी उसके घर से 50-50 रुपये की 10 गड्डियां (कुल 50,000) चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर धारा 331(3), 305(8) भा.दं.सं. (बीएनएस) का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वहीं 9 सितंबर को फरियादी लक्ष्मण गाडगे पिता सुखचंद गाडगे (52) निवासी प्रभुढाना ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 8 सितंबर को अज्ञात आरोपी उसके सूने घर से 2,50,000 नगदी चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर धारा 331(3), 305(8) भा.दं.सं. (बीएनएस) का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों एवं आसूचना संकलन के आधार पर संदिग्ध व्यक्ति की पहचान कर ग्राम खरपी, थाना परतवाड़ा (महाराष्ट्र) से अभिरक्षा में लिया। पूछताछ पर उसने अपना नाम दीपक दांगडे पिता भीमराव दांगडे, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम घुघरी थाना भैंसदेही, हाल निवासी ग्राम खरपी थाना परतवाड़ा (महाराष्ट्र) बताया।

उसने दोनों चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पुलिस ने आरोपी से नगदी 2,35,000 और घटना में प्रयुक्त मोटरसायकल हीरो सीडी डिलक्स, कीमत लगभग 80,000, कुल मसरूका 3,15,000 रूपये जप्त किया है। इस कार्रवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रविकांत डेहरिया, प्रशिक्षु डीएसपी सुश्री शैफा हाशमी, उपनिरीक्षक राकेश सरयाम, सउनि प्रवीण पचौरी, सायबर सेल टीम (आर. राजेन्द्र धाडसे, आर. बलराम राजपूत, की भूमिका रही।

सड़क हादसे में इंजीनियर की मौत

बैतूल। बैतूल-सारणी मार्ग पर घोड़ाडोंगरी टोल प्लाजा के पास सड़क हादसे में 35 साल के इंजीनियर की मौत हो गई। बुधवार-गुरुवार की देर रात को ये हादसा हुआ। मृतक राहुल चंदेलकर अपनी बाइक से जा रहे थे। टोल से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टोल कर्मचारियों ने घायल राहुल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। घोड़ाडोंगरी में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बैतूल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। वहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। राहुल सिस्को कंपनी में एटीएम कस्टोडियन के पद पर कार्यरत थे। फिलहाल वे प्राइवेट जॉब कर रहे थे। रात करीब 1 बजे परिजनों को अस्पताल से दुर्घटना की सूचना दी गई। राहुल को छाती में गंभीर चोटें आई थीं। जिला अस्पताल चौकी पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। आज ही अंतिम संस्कार किया जाएगा। मामले की मर्ग डायरी रानीपुर पुलिस को भेजी जाएगी।

अवैध शराब परिवहन करने वाला आरोपी गिरफ्तार

बैतूल। आठनेर पुलिस ने अवैध शराब का परिवहन करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक काले रंग की मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 48 एमएस 8699 से डूडर से आठनेर की ओर अवैध शराब परिवहन की जा रही है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी सुखलाल पिता दौलत कुमरे(26) निवासी ग्राम डूडर, थाना आठनेर को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 60 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत 6 हजार बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी सुखलाल कुमरे के विरुद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया।

सेवा पखवाड़ा को लेकर आठ मंडलों की कार्यशाला संपन्न

बैतूल। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 2 अक्टुबर तक चलने वाले सेवा पखवाडा के तहत जिला भाजपा के 30 संगठनात्मक मंडलो की कार्यशाला होना है जिनमें आज जिले के आठ मंडलो की कार्यशालाएं संपन्न हुई। इसी कडी में बडोरा मंडल की कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार ने कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का पूरा जीवन प्रेरणादायी है। श्री मोदी के जन्म दिवस से लेकर महात्मा गांधी के जन्मदिवस 2 अक्टुबर तक विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम जिला

एवं मंडल स्तर पर होने वाले है। जिसके तहत रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, संगोष्ठियां एवं एक पेड मॉ के नाम के साथ साथ 25 सितंबर को हर बूथ पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती भी मनाई जाएगी। श्री पंवार ने कहा कि जनकल्याणकारी कार्यक्रमो मे समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हम मंडल की कार्यशालाएं कर रहे है। जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की आपेक्षीत सफलता के लिए अपने क्षेत्र के मोर्चा पदाधिकारीयों व वरिष्ठ जनो के साथ लगातार संवाद करना हमारी परंपरा रही है। नए लोग कार्यक्रम में जुडे इसका प्रयास हम सभी को करना है। किस तरह हम जनकल्याणकारी कार्यक्रमो में नवाचार अपना सकते है। इसको लेकर भी चिंतन करें सबके सामुहिक प्रयास से हमने पिछले कार्यक्रमो मे उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसीलिए प्रदेश नेतृत्व की मंशा को शत प्रतिशत पूरा करने की हमारी दोहरी जिम्मेदारी है। इसके लिए हमें दोगुनी उर्जा के साथ सेवा पखवाडे के लिए आज से ही जुट जाना है। बडोरा मंडल की कार्यशाला के दौरान जिला उपाध्यक्ष इंद्रपाल पुंडे, जनपद सदस्य पिंटू काकोडिया, वरिष्ठ नेता भगवान सिंह मौजूद रहे।

बस व निर्माण से खेल मैदान हो रहा खराब

मुलताई। नगर के एकमात्र खेल मैदान में बीते कुछ दिनों से सांदीपनी स्कूल में स्कूल बसों व स्कूल बिल्डिंग के निर्माण कार्य में लगे बड़े-बड़े वाहनों की पार्किंग की जा रही है जिस से खेल मैदान लगातार खराब हो रहा है जगह-जगह टायरों के कारण गड्ढे हो गए। जिससे खिलाडियों को खेलने में परेशानी का सामना करना प? रहा है। खेलप्रेमी अतीक चौहान ने बताया बारिश में पार्किंग के कारण खेल मैदान की स्थिति दयनीय हो गई है गड्ढे के कारण प्रतिदिन खेल अभ्यास करने वाले खिलाड़ी व इवनिंग एवं मार्निग वाक करने वाले नगरवासी गिरकर घायल हो रहे हैं।

ग्राउंड पर स्वयं की राशि से समतलीकरण एवं ग्राउंड की व्यवस्था बनाने वाले खिलाड़ी ,दीपू प्रजापति,करण गोस्वामी, बब्बू खान,पवन पाठेकर, विशाल भारती, रोबिन सिंह परिहार योगीराज मरकाम,राहुल पंवार राहुल शिवारे ने बताया प्रतिवर्ष खिलाड़ी स्वयं के हजारों रुपए की राशि लगाकर मैदान का समतलीकरण करते हैं एवं खेलकूद के आयोजनों को आयोजित कराते हैं जिससे कि क्षेत्र की प्रतिभाएं निकले और आगे आ सके। ऐसी स्थिति में प्रशासन द्वारा ग्राउंड की ऐसी स्थिति करना निंदनीय है।

युवक ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगाई, 70 फीसदी जला

बैतूल। एक युवक ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। वह 70 फीसदी तक झुलस गया। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल से भोपाल रेफर किया गया है। घटना नंदीखेड़ा गांव में बुधवार देर रात की है। रामविलास परते (35) शराब पीने का आदि है। उसकी इस आदत से पत्नी से अक्सर विवाद होते रहता है। बुधवार को भी झगड़े के बाद रामरतन ने गुस्से में अपनी बाइक से पेट्रोल निकाला और खुद पर डालकर आग लगा ली। परिजनों ने तुरंत उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां रात करीब डेढ़ बजे उसे भर्ती किया गया। इसके तुरंत बाद भोपाल रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। टीआई रविकांत डहरिया ने बताया कि जिला अस्पताल में रामविलास के बयान दर्ज किए गए हैं, जिसमें उसने खुद ही पेट्रोल डालकर आग लगाने की बात कबूल की है। वहीं, पत्नी ने बताया कि दोनों के बीच किसी बात पर कहासुनी हुई थी, जिसके बाद उसने आत्मदाह का प्रयास किया। परिजनों ने बताया कि गुस्से में उसने घर में खड़ी बाइक से एक बोतल में पेट्रोल निकाला और खुद पर छिड़ककर लाइटर से आग लगा ली। घर के लोग कुछ समझ पाते उसके पहले ही वह आग में घिर चुका था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सट्टा फड़ पर दबिश, 13,090 नगदी जप्त

सारनी। पाथाखेड़ा पुलिस ने बगडोना, पाथाखेड़ा स्थित पूरन नामक व्यक्ति द्वारा संचालित अवैध सट्टा फड़ पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान मौके से 2 व्यक्तियों को सट्टा लिखते एवं 5 व्यक्तियों को सट्टा लगाते हुए गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने पूरन पिता सोहबन वरकडे 4,500, रवि पिता सालाकरम धुर्वे 2,500, संजू पिता दयाराम पवार 1,500, शिवनाथ पिता विश्राम परते 1,500, अनुराग यादव पिता रमन यादव 1,000, नरापन शाह पिता पुलिन शाह 1,600 और ब्रजलाल धुर्वे पिता गणेश धुर्वे 400 रूपये कुल नगदी 13,090 रूपये जब्त किये और आरोपियों के विरुद्ध

धारा 4(क) सट्टा एक्ट के तहत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। इस कार्रवाही में निरीक्षक जयपाल इवनाती, उप निरीक्षक वंशज श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक ज्ञान सिंह टेकाम, मनोज डेहरिया, आरक्षक राकेश कारपे, रविमोहन दर्शिमा, अनुज यादव, सैनिक सुभाष, हीरा, उर्मिला की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि अवैध गतिविधियों, जुआ-सट्टा, नशे का सेवन या विक्रय जैसी गैरकानूनी गतिविधियों की सूचना तुरंत नजदीकी थाने या डायल 112 पर दें।

झुग्गी झोपड़ी विस्थापन पर कांग्रेस का मोर्चा, निलय डागा देंगे ज्ञापन

सारनी। नगर के वार्ड क्रमांक 11, 12 एवं 13 में निवासरत झुग्गी-झोपड़ी वासियों को मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी द्वारा बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था किए आवास खाली करने का नोटिस जारी किया गया है। इस कार्रवाई से झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले गरीब परिवारों में भारी आक्रोश और असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इसी गंभीर विषय को लेकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष निलय डागा 12 सितंबर को सारनी पहुंचेंगे। वे विस्थापितों के लिए समुचित वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं कंपनी के नोटिस पर रोक लगाने की मांग को लेकर मुख्य अभियंता, मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी को ज्ञापन सौंपेंगे। कांग्रेस नेतृत्व का कहना है कि गरीब एवं असहाय परिवारों को बिना पुनर्वास योजना के हटाना मानवीय दृष्टिकोण से अनुचित है। यदि कंपनी अपनी मनमानी पर अड़ी रहती है तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से अपील की गई है कि वे 12 सितंबर को प्रातः 10.30 बजे शॉपिंग सेंटर स्थित ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस जनहित के मुद्दे को मजबूती प्रदान करें।

साप्ताहिक बाजार में चला सफाई अभियान

सारनी। क्षेत्र के तीनों साप्ताहिक बाजार परिसर एवं पाथाखेड़ा पुलिस चौकी के आसपास लंबे समय से फैली गंदगी और आवारा घास के कारण मच्छर-मक्खियों का प्रकोप बढ़ता जा रहा था।

बदबू और अस्वच्छ वातावरण से जनमानस में बीमारियों का खतरा मंडरा रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सुपरवाइजर विनोद परिहार और जसपाल दोनों ने तत्परता दिखाते हुए कल देर शाम स्थल का निरीक्षण किया और आज सुबह से दो दिनों तक चलने वाले विशेष सफाई अभियान की शुरुआत कर्मचारियों को लेकर कर

दी गई। सुपरवाइजर विनोद परिहार ने बताया कि सफाई कार्य दो दिनों तक चलेगा।अभियान के अंतर्गत आज से ही बाजार और चौकी परिसर में जमा गंदगी व घास को हटाया जा रहा है। अचानक शुरू हुए इस सफाई कार्य को देखकर स्थानीय नागरिकों ने राहत की सांस ली और नगर पालिका प्रशासन के प्रति संतोष व्यक्त किया। लोगों का कहना है कि समय-समय पर ऐसे अभियान चलाए जाते रहें, तो गंदगी और उससे फैलने वाली बीमारियों पर अंकुश लगाया जा सकेगा।

सड़क पर अतिक्रमण के खिलाफ सख्त हुआ प्रशासन

आमला। बस स्टैंड से चंद्रभागा तक मुख्य सड़क पर अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है।

सड़क के बीचोंबीच बनेगा डिवाइडर, लगेगी लाइट

कार्रवाही से कई दुकानदारों में नाराजगी

गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व ही इस सड़क पर लगने वाले डिवाइडर और स्ट्रीट लाइट के कार्यों का भूमिपूजन किया गया था। प्रशासन की ओर से यह निर्णय लिया गया है कि जल्द ही सड़क में

स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी और डिवाइडर बनना है। जिसमें बाधक अतिक्रमण को शांति पूर्वक हटाया जाए। इस कार्रवाई का उद्देश्य न केवल सड़क की सुन्दरता बढ़ाना है, बल्कि शहरवासियों के लिए सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना भी है। अधिकारियों का कहना है कि यह सड़क नगर के प्रमुख मार्गों में से एक है, जहां अतिक्रमण की वजह से यातायात जाम और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता जा रहा था। हालांकि, इस कदम से कई छोटे दुकानदारों की जीविका पर असर पड़ने की संभावना है। कई दुकानदारों ने चिंता व्यक्त की है कि उनके व्यवसाय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। जबकि कई दुकानदारों द्वारा नगर में नजूल के पट्टे की खरीद बिक्री पर भी सवाल उठाए है। प्रशासन जहां गरीबों पर तो आसानी से कारवाई करने खड़ा हो जाता है। वहीं नगर के धन्नासेठों और सक्षम लोगों द्वारा किए अतिक्रमण पर कोई करवाई नहीं करता। फिर भी प्रशासन का कहना है कि सड़क सुधार कार्य सार्वजनिक हित में किया जा रहा है और सभी संबंधित हितधारकों से सहयोग की अपील की जा रही है।

खुलासा पुलिस फरार आरोपी की कर रही तलाश

ट्रैक्टर की ट्राली एवं रोटावेटर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

बैतूल। बैतूल बाजार पुलिस ने चोरी के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल दाखिल किया गया है।

आरोपी के पास से 5 ट्रॉली एवं 1 रोटावेटर बरामद

साथी और दो नाबालिग के साथ मिलकर की थी चोरी

प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 मार्च को फरियादी दिलीप पिता विठ्ठलराव काले निवासी कोलगांव ने रिपोर्ट की कि उसके ट्रैक्टर की ट्रॉली चोरी हो गई है। रिपोर्ट पर थाना बैतूल बाजार में धारा 303(2) बीएनएस का पंजीयन

कर विवेचना में लिया गया। 02 सितंबर को फरियादी कृष्ण कुमार हारोडे पिता किशोरीलाल हारोडे, उम्र 50 वर्ष, निवासी ग्राम सेहरा ने रिपोर्ट की कि उसके ट्रैक्टर का रोटावेटर चोरी हो गया है। रिपोर्ट पर थाना बैतूल बाजार में धारा 303(2) बीएनएस का पंजीयन कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर संदेही कमलेश पिता मुड्डा उइके निवासी बज्जरबाड़ा, चौकी पाढर, थाना कोतवाली को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया और बताया कि उसने अपने साथी गुड्डू उर्फ रविन्द्र नर्रे पिता दौलत नर्रे निवासी कुप्पा थाना कोतवाली तथा दो नाबालिग अपचारी बालकों के साथ मिलकर चोरी की घटनाएं की हैं। आरोपी ने थाना बैतूल बाजार से ट्रैक्टर की 01 ट्रॉली एवं 01 रोटावेटर, थाना आठनेर से 02 ट्रॉली, थाना सांईखेड़ा से 01 ट्रॉली तथा थाना आमला से 01 ट्रॉली चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से अलग-अलग स्थानों से कुल 6 नग चोरी का सामान (5 ट्रॉली एवं 01 रोटावेटर) बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 6,90,000 है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय बैतूल में पेश किया गया, जहां से उसे जेल वारंट जारी कर जेल दाखिल किया गया है। वहीं फरार आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपी की भी तलाश जारी है। जल्द ही फरार आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा। फिलहाल पकड़े गये आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है, जहां से उसे जेल भेज दिया है। इस खुलासे में थाना प्रभारी निरीक्षक अंजना धुर्वे, उपनिरीक्षक विनोद मालवीय, सहायक उपनिरीक्षक रमन धुर्वे, प्रधान आरक्षक प्रकाश धुर्वे, आरक्षक मुकेश पवार, आरक्षक कमल पवार, आरक्षक मनोज कोलारे एवं आरक्षक कमल चौरे की सराहनीय भूमिका रही।

पीएमश्री कन्या शाला में छात्रा को स्कूटी वितरण

मुलताई। नगर के पीएम श्री कन्या शाला में स्कूटी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष नान्ही बाई डहारे, पार्षद महेंद्र जैन,पीटीए अध्यक्ष चित्रा देवगडे एवं संस्था प्राचार्य प्रमोद कुमार नरवरे, प्रदीप कुमार रगड़े,माधवी गोस्वामी उपस्थित थे।

स्कूटी पाकर छात्राएं हुई खुश

जनप्रतिनिधियों ने दी छात्राओं को बधाई

ई-स्कूटी वितरण के प्रदेश स्तरीय लाइव कार्यक्रम में आईसीटी कक्ष के साथ अन्य तीन कक्षो में सीधा प्रसारण दिखाया

गया। जिसके बाद जनपद पंचायत अध्यक्ष नान्हीं बाई डहारे ने छात्राओं को प्रदेश की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। पीटीए अध्यक्ष चित्रा देवगडे ने छात्राओं को ई-स्कूटी प्राप्त छात्रा तरुणा अलोने को बधाई दी। प्राचार्य प्रमोद कुमार नरवरे ने बताया शासन की ई-स्कूटी की पात्र प्रतिभाशाली छात्रा तरुणा अलोने ने कक्षा 12वीं में 86.8 प्रतिशत प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनोरा की छात्रा हेमलता विजय बरपेटे एवं साहिल सुभाष चरपे भी उपस्थित होकर जनप्रतिनिधियों द्वारा इन्हें सम्मानित कर स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि के साथ पालकगण भी उपस्थित हुए। मंच संचालन रश्मि बाथरे द्वारा किया गया।